दिल्ली पब्लिक स्कूल,**जम्मू**

सत्र 2024-2025

अभ्यास कार्य पत्र(2)

कक्षा- छठी **कुल अंक-10** **विषय-हिंदी**

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (1×5=5)

मनुष्य ने जब पहली बार आग जलाना सीखा था, तो वह एक बहुत बड़ा आविष्कार था। आज तो हमारे पास आग जलाने के अनेक साधन हैं।परंतु उस युग में न तो साधन थे और न ही समझ थी। माना जाता है कि मनुष्य ने चकमक के पत्थरों को टकराकर उनके साथ आग जलाई होगी। यह कार्य जिसने भी किया था, वह एक महान मानव था। उसमें यह गुण जन्म से ही स्वयंभूत था, अर्थात ऐसा गुण जिसके लिए बाहर से शिक्षा न लेनी पड़े। वास्तव में शिक्षा तो वही है, जो हमारे भीतर छिपे हुए गुणों को बाहर ले आती है। हो सकता है कि किताबी ज्ञान से जी चुराने वाला बालक कोई महान आविष्कार कर डाले। संसार में ऐसे अनेक उदाहरण हैं। अतः हम सभी को अपने गुणों का विकास करते रहना चाहिए।

1)उपयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है:-

क)महान आविष्कार ख)आन्तरिक शिक्षा ग) पानी की खोज घ)आग जलाना

2)पहली बार आग जलाने के लिए किसका प्रयोग किया गया?

क)माचिस का ख)लाइटर का ग)चकमक पत्थर का घ) लोहे का

3)वास्तव में शिक्षा किसे कहते हैं?

क)किताबों को रटना ख)जो धनी बना दे ग)जो अन्दर छिपी योग्यता को बाहर ले आए

4)किस ज्ञान से जी चुराने वाला बालक भी महान आविष्कार कर सकता है?

5)हम सभी को किसका विकास करते रहना चाहिए?

प्र•2 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए:- (1×2=2)

क) गुरु जी ने अपने चेले को कैसे बचाया ?

ख) नेहा के दूसरे ई-मेल से वहाँ के निवासियों के विषय में हमें क्या सूचना मिलती है?

प्र•3 **दिए गए प्रश्नों के उत्तर निद्रेशानुसार लिखें:-(1×3=3)**

(क) संज्ञा किसे कहते हैं?

(ख)) 'मानव' शब्द की भाववाचक संज्ञा शब्द लिखिए।

(ग) **रमा** **सभा** में **फूलों** का **गुच्छा** लेकर गई।रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए।